दिन– शनिवार दिनांक– 16 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निजी क्षेत्र के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की।

02. राजस्व और भूमि सुधार विभाग भू–अभिलेखों को अद्यतन करने के लिए आज से महाअभियान की शुरूआत करेगा। यह अभियान बीस सितम्बर तक चलेगा।

03. आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में एक लाख रुपये के इनामी आरोपी राजकिशोर कुमार को गिरफ्तार किया।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निजी क्षेत्र के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि राज्य में अगले छह महीने में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी और जीएसटी के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि उद्योग लगाने के लिए सभी जिलों में जमीन की व्यवस्था की जाएगी ओर वैसे उद्यमियों को निःशुल्क भूमि दी जाएगी, जो अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग लगाने के लिए आवंटित भूमि से संबंधित विवादों को समाप्त किया जाएगा।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग भू–अभिलेखों को अद्यतन करने के लिए आज से महाअभियान की शुरूआत करेगा। यह अभियान बीस सितम्बर तक चलेगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य भूमि संबंधी दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और आम लोगों को जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण और छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाईन किया जायेगा। इसके साथ ही नाम, खाता, खेसरा, रकबा और लगान जैसी अशुद्धियां भी ठीक की जायेंगी।

———बाइट———

श्री सिंह ने बताया कि महाअभियान के तहत प्रत्येक हलका में दो शिविर आयोजित किये जायेंगे।

———बाइट———

———————————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पूरे देश में लगभग एक हजार एक सौ पचास टोल प्लाजा पर फास्टैग वार्षिक पास की सुविधा शुरू कर दी है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

दो वोटर आईडी कार्ड रखने के मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की ओर से चुनाव आयोग को स्पष्टीकरण देने की समय सीमा आज शाम पांच बजे तक निर्धारित है। दीघा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने श्री यादव से इस मामले में जबाव मांगा है।

———————————————————————————

सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के एक अन्य आरोपी राजकिशोर कुमार को आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर एक लाख रुपये का इनाम था और वह पिछले दो साल से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के समय राजकिशोर के पास से सिपाही भर्ती समेत कई अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र समेत अन्य अपात्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं। उसके बैंक खाते में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये जमा मिले हैं।

———————————————————————————

आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक———

राजधानी पटना स्थित इस्कॉन मंदिर समेत विभिन्न कृष्ण मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। रात्रि बारह बजे मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

———म्यूजिक———

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। वर्ष दो हजार अठारह में सोलह अगस्त को उनका निधन हुआ था। श्री वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि सदैव अटल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कैबिनेट के कई सदस्य मौजूद थे।

---

आईएनए में शामिल रहे लेफ्टिनेंट आर. माधवन पिल्लई ने कहा है कि देश को बड़े संघर्षों के बाद यह आजादी मिली है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री पिल्लई ने कहा कि आठ दशकों में देश ने हर क्षेत्र में काफी उन्नति की है।

———बाइट———

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले पांच दिनों तक राज्य में मॉनसून की अनुकूल परिस्थितियां नहीं रहेगी। अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी और उत्तर–मध्य के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाइट———

---

गंगा नदी के जलस्तर में कमी आने के बावजूद प्रदेश के बाढ़ प्रभावित ईलाकों की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। गंगा नदी मुंगेर में खतरे के निशान से नीचे आ चुकी है। वहीं, नदी का जलस्तर अभी भी भागलपुर और कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि भागलपुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की परेशानियां बढ़ गयी हैं।

---रिपोर्ट---

जिले के बारह प्रखंड की एक सौ दस पंचायत और शहरी क्षेत्र के चार वार्ड बाढ़ से प्रभावित हैं। लगभग सात लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में जमे हुए पानी से दुर्गन्ध आने लगा है, जिस कारण संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया है। वहीं, सांप और अन्य विषैले कीड़े—मकोड़े के खतरे को देखते हुए लोग रतजगा करने को विवश हैं। इधर, किसानों की मेहनत बाढ़ की भेंट चढ़ चुकी है। सैकड़ों एकड़ खेत में लगी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, मुंगेर में गंगा नदी के जलस्तर में कमी आने के बाद कटाव का खतरा बढ़ गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में संक्रामक रोगों के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा और लोगों के बीच स्वच्छ पेयजल के लिए क्लोरीन की गोली बांटी जा रही है। हमारे खगड़िया संवाददाता ने बताया कि जिले में अभी भी बूढ़ी गंडक नदी और कोसी नदी उफान पर है।

---रिपोर्ट---

खगड़िया सदर, परबत्ता और मानसी प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। बाढ़ के कारण लगभग ग्यारह हजार हेक्टेयर खेत में लगी फसल जलमग्न हो गयी है। किसानों और पशुपालकों के समक्ष पशु चारे की समस्या उत्पन्न हो गयी है। सड़कों के क्षतिग्रस्त हो जोने के चलते बाढ़ प्रभावित कुछ इलाकों में नाव ही आवागमन का एकमात्र साधन बचा हुआ है। प्रभावित इलाकों में जिला प्रशासन की ओर से सामुदायिक किचेन, स्वास्थ्य कैंप और पशु चिकित्सा कैंप चलाये जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

इधर, पटना, वैशाली, बेगूसराय सारण, भोजपुर और लखीसराय जिले में बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति अभी भी गम्भीर बनी हुई है।

---

पटना के इंद्रपुरी मुहल्ले से पुलिस ने एक कार से सगे भाई—बहन का शव बरामद किया है। मृतक बच्चों की मां ने बताया कि दोनों ट्यूशन पढ़ने गए थे और देर शाम तक घर नहीं लौटे। उन्होंने शिक्षक पर बच्चों की हत्या करने का आरोप लगाया।

---

बेगूसराय के पहाड़चक स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कल शाम राष्ट्र ध्वज का खम्भा निकालने के दौरान ग्यारह हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से एक तेरह वर्षीय छात्र की झुलसकर मौत हो गयी। घटना में दो अन्य बच्चे घायल हैं जिनका इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निजी क्षेत्र के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की।

02. राजस्व और भूमि सुधार विभाग भू–अभिलेखों को अद्यतन करने के लिए आज से महाअभियान की शुरूआत करेगा। यह अभियान बीस सितम्बर तक चलेगा।

03. आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में एक लाख रुपये के इनामी आरोपी राजकिशोर कुमार को गिरफ्तार किया।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।